Title: Need to expedite completion of broad gauge rail link on Ajmer-Pushkar section in Rajasthan. − Laid.

प्रो0 रासा सिंह रावत (अजमेर) :अध्यक्ष महोदय, लगभग चार वर्ा पूर्व राजस्थान की हृदयस्थली और पर्यटन के लिए विख्यात सुप्रसिद्ध अजमेर नगर को ब्रह्मा जी की पवित्र नगरी पुकर से रेल मार्ग से जोड़ने का निश्चय हुआ था, परन्तु रेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति के बावजूद भी कार्य की गति अत्यधिक धीमी है और अभी भूमि अवाप्ति का कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। ब्रॉडगेज से जुड़ने पर तीर्थराज पुकर, जहां प्रतिर्वा लाखों यात्री देश के कोने कोने से आते हैं तथा विदेशी पर्यटक भी बहुत बड़ी संख्या में मंदिरों की नगरी पुकर में आते हैं, के लिए बहुत सुविधा हो जायेगी तथा तीर्थाटन एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

अतः भारत सरकार से आग्रहपूर्वक अनुरोध है कि अजमेर पुकर की पूर्व स्वीकृत ब्रॉडगेज से जोड़ने की योजना को अविलम्ब युद्धस्तर पर पूरा करवायें।